# सीएम आज ग्लोबल समिट-2026 में होंगे शामिल



**भोपाल , 4 जनवरी. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सोमवार 5 जनवरी को जयपुर प्रदर्शनी एवं सम्मेलन केंद्र में आयोजित राजस्थान डिजीफेस्ट-टीआईई ग्लोबल समिट-2026 में भाग लेंगे. मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करते हुए राज्य की प्रौद्योगिकी, नवाचार और निवेश संबंधी दृष्टि वैश्विक निवेशकों के समक्ष प्रस्तुत करेंगे.**

वे इनोवेशन एक्सपो का भ्रमण कर मध्यप्रदेश पवेलियन का अवलोकन करेंगे और स्टार्टअप्स, इनोवेटर्स एवं उद्योग प्रतिनिधियों से संवाद करेंगे. साथ ही सीईओ और निवेशकों के साथ व्यक्तिगत बैठकों में रणनीतिक निवेश अवसरों पर चर्चा करेंगे. टीआईई ग्लोबल समिट-2026 में मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग सिल्वर स्टेट पार्टनर के रूप में सहभागिता कर रहा है. समिट में राज्य की नई और प्रगतिशील नीतियों का प्रभावी प्रदर्शन किया जाएगा, जिससे मध्यप्रदेश को अगली पीढ़ी की प्रौद्योगिकी और उच्च-मूल्य रोजगार सृजन का प्रमुख केंद्र बनाया जा सके.

## शिक्षा को पथ-प्रदर्शक मानता है मीना समाज

**भोपाल :** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि समाज ने शिक्षा, सामाजिक उन्नति, मृत्यु भोज जैसी कुप्रथाओं के विरोध, दहेज मुक्त और सादे विवाहों का समर्थन तथा सामूहिक विवाहों को प्रोत्साहन देकर समाज में सकारात्मक संदेश दिया है. मुख्यमंत्री ने विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में चयनित, खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने और पदक विजेताओं समेत 16 विद्यार्थियों को सम्मानित किया. इसके साथ ही समाज में सामाजिक कार्यों में योगदान देने वाले वरिष्ठ जनों को भी सम्मानित किया गया. मुख्यमंत्री का स्वागत मीना समाज सेवा संगठन की ओर से मालाओं,

**शब्दों की गुगली और रिपोर्टर्स का रन रेट, लोकतंत्र में चमकाते चार चांद:** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि पत्रकार साथियों की कलम की बाउंसर, शब्दों की गुगली और रिपोर्टर्स का रन रेट लोकतंत्र में चार चांद लगाता है. मध्यप्रदेश हमेशा से दमदार खिलाड़ियों और मजबूत पत्रकारों की धरती रहा है. प्रदेश के पत्रकारों ने अपनी सशक्त पत्रकारिता से देशहित में कार्य कर दिल्ली तक को गौरवान्वित किया है. पंडित माखनलाल चतुर्वेदी और भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेई जैसे महान पत्रकारों का साहित्य और पत्रकारिता में योगदान अनुकरणीय और वंदनीय है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को भोपाल खेल पत्रकार संघ द्वारा ओल्ड कैंपियन ग्राउंड में आयोजित 31वें आईईएस-डिजिआना इंटरप्रेस क्रिकेट टूर्नामेंट के शुभारंभ अवसर पर संबोधित कर रहे थे. उन्होंने कहा कि भोपाल खेल पत्रकार संघ द्वारा लगातार तीन दशकों से इंटर प्रेस क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन सराहनीय है.



# आउटसोर्स कर्मचारियों का 'हल्ला बोल' आंदोलन 1 फरवरी को

**विशेष संवाददाता**

**भोपाल,4 जनवरी. मध्य प्रदेश के लाखों आउटसोर्स एवं अस्थायी कर्मचारियों का प्रतिनिधित्व करने वाले पदाधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक रविवार को यहां शहादानी पार्क में आयोजित की गई.**

बैठक में नौकरी की सुरक्षा और सम्मानजनक वेतन को लेकर आंदोलन के निर्णायक चरण की घोषणा की गई. तय किया गया कि हल्ला बोल आंदोलन 1 फरवरी को होगा.

बैठक की अध्यक्षता युवा आउटसोर्स के अध्यक्ष दीपक सिंह ने की, जबकि ऑल डिपार्टमेंट आउटसोर्स एवं अस्थायी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के अध्यक्ष वासुदेव शर्मा की विशेष उपस्थिति रही.

# आईपीएल की तर्ज पर उज्जैन में यूपीएल की उम्मीद

- अच्छा मैदान मिला तो यहां भी बनेगा क्रिकेट का नया केंद्र
- सीएम ट्रॉफी के मंच से उज्जैन प्रीमियर लीग की उठी मांग
- देवास ने जीता लेदर बाल टूर्नामेंट



**नवभारत न्यूज**

**उज्जैन.** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के गृह नगर उज्जैन में सीएम ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया. इस टूर्नामेंट में कुल 16 टीमों ने हिस्सा लिया. रविवार को उज्जैन और देवास के बीच फाइनल मुकाबला खेला गया जिसमें देवास की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पांच विकेट से जीत दर्ज कर ट्रॉफी अपने नाम की,वही आईपीएल की तर्ज पर यूपीएल की भी मांग उठी.

यह टूर्नामेंट लेदर बॉल से खेला गया जिसमे फाइनल मैच में विजेता देवास टीम को प्रथम पुरस्कार के रूप में 6666 रुपये की राशि प्रदान की गई, जबकि उपविजेता उज्जैन टीम को 3333 रुपये का द्वितीय पुरस्कार मिला. टूर्नामेंट में व्यक्तिगत प्रदर्शन के लिए भी खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया.

**5000 नकद व ट्रॉफी भी**-मैन ऑफ द सीरीज का खिताब देवास के अर्पित पटेल को दिया गया, जिन्हें ट्रॉफी के साथ 5000 रुपये की नगद राशि प्रदान की गई. वहीं फाइनल मुकाबले में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार देवास के अमन जैन को मिला, उन्हें भी ट्रॉफी और 5000 रुपये की नगद राशि दी गई. टूर्नामेंट के दौरान स्वर्गीय कुलदीप सिंह परमार की स्मृति में 5000 रुपये का विशेष पुरस्कार दिया गया, साथ ही स्वर्गीय विमला परमार के नाम पर भी 5000 रुपये की नगद राशि प्रदान की गई. पुरस्कार वितरण समारोह में मोयरा सरिया कंपनी से संदीप जैन और भाजपा नगर कोषाध्यक्ष प्रकाश यादव मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे. दोनों अथितिगणों ने विजेता टीम को पुरस्कृत किया, वहीं द्वितीय टीम और अन्य बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को भी पुरस्कार दिए गए.

**मुख्यमंत्री हैं अकादमी के अध्यक्ष**-नवभारत से चर्चा में आयोजन से जुड़े तुषार चौहान ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव उज्जैन क्रिकेट अकादमी के अध्यक्ष हैं और उनके मार्गदर्शन में ऐसे आयोजन निरंतर किए जाते हैं. तुषार चौहान ने बताया कि वे सचिव की भूमिका निभा रहे हैं और यह पूरा आयोजन स्वर्गीय प्रकाश चंद्र भांड की स्मृति में सीएम ट्रॉफी के रूप में किया गया, जो अपने समय के बेहतरीन क्रिकेटर रहे हैं.

**25 दिसंबर से चल रहा टूर्नामेंट**-यह टूर्नामेंट 25 दिसंबर से दशहरा मैदान पर आयोजित किया जा रहा था, जिसका समापन फाइनल मैच के साथ हुआ. पूरे आयोजन के दौरान दशहरा मैदान पर बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद रहे और उन्होंने लगातार कई दिनों तक रोमांचक क्रिकेट मैचों का आनंद लिया.

### यूपीएल तभी संभव, जब मैदान हो

आयोजकों ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा नानाखेड़ा स्टेडियम में खेल संकुल का निर्माण कराया गया है और हॉकी स्टेडियम बनाने की भी घोषणा की गई है. उन्होंने यह भी कहा कि यदि उज्जैन में बेहतर क्रिकेट मैदान उपलब्ध हो जाए तो आईपीएल की तर्ज पर उज्जैन प्रीमियर लीग जैसे टूर्नामेंट आयोजित किए जा सकते हैं, साथ ही राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के मैचों की मेजबानी भी संभव है. इस संबंध में एक अच्छे क्रिकेट मैदान की आवश्यकता को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव तक पहुंचाने की बात भी आयोजकों द्वारा कही गई.

## 5 सीएसपी, 10 टीआई, 150 का फोर्स फील्ड में उतारा

**जबलपुर.** शराब बनाने के ठिकानों पुलिस एवं आबकारी की संयुक्त टीमों ने दबिश देकर शराब एवं शराब बनाने के उपकरण जप्त करते हुये मिले लाहन को नष्ट किया. 5 नगर पुलिस अधीक्षक, 10 थाना प्रभारी एवं थानों के लगभग 150 अधिकारी एवं कर्मचारियों, आबकारी की संयुक्त टीम ने शराब बनाने के ठिकानों पर दबिश दी. गुलशन यादव के यहॉ लगभग 5 हजार लीटर लाहन, संजो बाई के यहॉ 5 लीटर लाहन, नीतू कुचबंधिया के यहॉ 20 लीटर लाहन, राजकुमारी कुचबंधिया के यहॉ 20 लीटर लाहन, सरोज कुचबंधिया के यहॉ 60 लीटर लाहन, ड्रम, शराब बनाने के उपकरण रखे मिलें जिन्हें नष्ट किया गया.

# कोहरे और ठंड की गिरफ्त में मध्यप्रदेश

## 11-12 शहरों में 20 डिग्री से नीचे पारा

### कई जिलों में शीतल दिन जैसी स्थिति



**भोपाल,4 जनवरी. पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से मध्यप्रदेश में एक बार फिर मौसम ने करवट ले ली है.**

वातावरण में नमी बढ़ने के कारण प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में घना कोहरा छाया हुआ है, जिससे दिन के तापमान में उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई. स्थिति यह रही कि दोपहर के समय भी ठंड का असर बना रहा और कई जिलों में शीतल दिन जैसी परिस्थितियां देखने को मिलीं. शनिवार को प्रदेश के 11-12 शहरों में अधिकतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया गया. दतिया और रीवा में पूरे दिन शीतल दिन की स्थिति बनी रही, जबकि शाजापुर जिले के गिरवर क्षेत्र में तीव्र शीतल दिन दर्ज किया गया.

ग्वालियर में सुबह के समय अति घना कोहरा रहा, जिससे दृश्यता बेहद कम हो गई. वहीं इंदौर और जबलपुर में घने कोहरे ने जनजीवन और यातायात को प्रभावित किया. भोपाल और नर्मदापुरम में मध्यम कोहरा छाया रहा. पिछले 24 घंटों के दौरान प्रदेश के सभी संभागों में मौसम मुख्यतः शुष्क रहा, लेकिन तापमान में गिरावट स्पष्ट रूप से महसूस की गई. रीवा और शहडोल संभागों में अधिकतम तापमान सामान्य से 5.0 से 5.9 डिग्री सेल्सियस तक कम रहा.

# इंदौर मामले में कमलनाथ ने राज्य सरकार को घेरा

**भोपाल, 4 जनवरी. कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने इंदौर में दूषित जल पीने के कारण अनेक नागरिकों की मृत्यु के मामले में रविवार को राज्य सरकार को कठघरे में खड़ा किया.**



कमलनाथ ने एक्स के जरिए पोस्ट में कहा कि इंदौर में दूषित पानी पीने से 16 लोगों की मौत हुयी है. इसके बावजूद भाजपा सरकार शर्मिंदा होने की बजाए कांग्रेस पार्टी पर हमला करने में लगी है. कांग्रेस नेता ने आरोप लगाते हुए कहा कि जबकि सच्चाई यह है कि राज्य सरकार में नीचे से लेकर ऊपर तक भ्रष्टाचार व्याप्त है. जनहित के कार्यों में लापरवाही बरती जा रही है. उनका कहना है कि बिजली, पानी और सीवर की लाइनें खस्ताहाल हैं. ज्यादातर काम ठेके के कर्मचारियों के भरोसे छोड़ दिए गए है. कमलनाथ ने कहा कि राज्य सरकार हर माह पांच हजार करोड़ रुपए कर्ज लेती है, जो जनहित के कार्यों में खर्च होने की बजाए भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रहा है.

# साइबर ठगों ने छात्र से उड़ाए लाखों रुपए

## 15 लाख बोनस का लालच देकर ठगे

## 56 टॉस्क दिए शिप्पो कंपनी की लिंक पर

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर, 4 जनवरी. साइबर अपराधियों ने एक बार फिर बड़ी वारदात को अंजाम दिया है. एमजीएम मेडिकल कॉलेज के छात्र को ऑनलाइन टास्क और बोनस का लालच देकर 15 लाख रुपए ठग लिए गए.**

इसी तरह द्वारकापुरी में एक युवती को क्रेडिट कार्ड एक्टिवेशन का झांसा देकर उसके खाते से ऑनलाइन धन निकाला. पुलिस ने दोनों मामलों में साइबर ठगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. एमजीएम हॉस्टल का छात्र कृष्ण कुमार पिता कैलाश कुमावत मूलत: मंदसौर का रहने वाले है. कृष्ण ने बताया कि उन्होंने शिप्पो नामक कंपनी की लिंक पर अपनी आईडी बनाई थी. शुरुआत में उन्हें प्रतिदिन 56 टास्क दिए और 9 दिसंबर को टास्क पूरा करने पर उनके खाते में 1,042 रुपये बोनस क्रेडिट हुए. इस छोटे लाभ ने छात्र का भरोसा जीत लिया. अगले दिन ठगों ने 9,499 रुपए जमा करने पर भारी बोनस का ऑफर दिया. लालच में आकर छात्र ने धीरे-धीरे 15 लाख रुपये जमा कर दिए, लेकिन बदले में केवल 51 हजार रुपये ही वापस मिले. जब और पैसे की मांग की गई, तब उसे ठगी का एहसास हुआ.

दूसरा मामला द्वारकापुरी क्षेत्र का है. स्कीम नंबर 71 निवासी प्रगति जैन के पास 30 दिसंबर को अज्ञात कॉल आया. कॉल करने वाले ने खुद को बैंक अधिकारी बताया और क्रेडिट कार्ड एक्टिवेशन का झांसा देकर जरूरी बैंक जानकारियां हासिल कीं. इसके बाद आरोपी ने प्रगति के खाते से ऑनलाइन ट्रांजेक्शन कर धोखाधड़ी अंजाम दी. पुलिस ने दोनों फरियादियों की शिकायत पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है. साइबर डेस्क के साथ मिलकर पुलिस एटीएम और ऑनलाइन ट्रांजेक्शन रिकॉर्ड, कॉल डिटेल और डिजिटल सबूतों की पड़ताल कर आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है.

## पुरानी रंजिश में युवक हमला

**इंदौर.** चंदन नगर थाना क्षेत्र में पुरानी रंजिश के चलते एक युवक पर छुरी से हमला किए जाने का मामला सामने आया है. फरियादी अकील पिता शकील शेख निवासी जगन्नाथपुरी का आरोपी सादिक निवासी सहयोग नगर से पुराना विवाद चल रहा था. यह विवाद आरोपी की पत्नी से जुड़ी किसी पुरानी बात को लेकर बताया जा रहा है. इसी रंजिश के चलते आरोपी ने फरियादी पर हमला किया. घटना के समय अकील सहयोग नगर स्थित एक मोबाइल दुकान पर किसी काम से हुआ था. इसी दौरान आरोपी वहां पहुंचा और अकील को देखते ही गाली गलौज शुरू कर दी. फरियादी द्वारा विरोध करने पर आरोपी ने जेब से छुरी निकाल ली और उस पर हमला कर दिया.

# डायल-112 त्वरित सहायता की मिसाल

**भोपाल, 4 जनवरी . मध्यप्रदेश में संचालित डायल-112 आपातकालीन सेवा प्रदेशवासियों के लिए त्वरित सहायता, मानवीय संवेदनशीलता और सुरक्षित जीवन का भरोसेमंद माध्यम बनकर उभरी है.**




विगत तीन दिनों में प्रदेश के विभिन्न जिलों में डायल-112 की प्रभावी कार्यवाहियों से कई दुर्घटनाओं में घायलों को समय रहते उपचार मिला, जिससे उनकी जान बचाई जा सकी. मंदसौर जिले के थाना शामगढ़ क्षेत्र में उज्जैन हाईवे पर ढाबला गुर्जर गांव के पास टायर फटने से एक यात्री बस अनियंत्रित होकर पलट गई. इस हादसे में 10 यात्री घायल हो गए. सूचना मिलते ही डायल-112 की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और एफआरवी व चिकित्सा वाहनों की सहायता से सभी घायलों को शासकीय चिकित्सालय पहुंचाया गया.

शिवपुरी जिले के थाना कोलारस क्षेत्र में बस और ट्रक की टक्कर से 8 लोग घायल हो गए. डायल-112 टीम ने तत्परता दिखाते हुए घायलों को सुरक्षित रूप से अस्पताल पहुंचाकर समय पर उपचार सुनिश्चित कराया.

छतरपुर जिले के थाना किशनगढ़ क्षेत्र अंतर्गत कदवारा-गढ़वाली मार्ग पर दो मोटरसाइकिलों की आपस में टक्कर हो गई, जिसमें दो लोग घायल हो गए. डायल-112 टीम ने तुरंत मौके पर पहुंचकर घायलों को अस्पताल पहुंचाया.

सिवनी मालवा क्षेत्र में अज्ञात वाहन की टक्कर से गंभीर रूप से घायल मोटरसाइकिल सवार युवक को भी डायल-112 जवानों ने तत्काल एफआरवी वाहन से अस्पताल पहुंचाकर उसकी जान बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. डायल-112 सेवा अपनी त्वरित प्रतिक्रिया और संवेदनशील कार्यप्रणाली के कारण आपात स्थितियों में आमजन के लिए भरोसे का मजबूत आधार बन चुकी है.

# डॉ. महेन्द्र ने बैठकों को किया संबोधित

## संगठन की मजबूती और कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की

**मुरैना, 04 जनवरी. भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह ने रविवार को मुरैना, भिण्ड एवं ग्वालियर जिलों की विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में आयोजित संगठनात्मक बैठकों को संबोधित किया.**

जिले के अम्बाह एवं दिमनी, भिण्ड जिले के मेहगांव और गोहद, तथा ग्वालियर जिले की विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में उन्होंने संगठन की मजबूती और आगामी कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की. डॉ. महेन्द्र सिंह ने कहा कि भाजपा की सबसे बड़ी ताकत उसका सशक्त संगठन है और संगठन की मजबूती से ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को साकार किया जा सकता है. उन्होंने कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया कि वे बूथ, शक्ति केंद्र, मंडल और विधानसभा स्तर पर सक्रिय रहकर संगठनात्मक कार्यों में भाग लें. साथ ही केंद्र और राज्य सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुँचाने, जनसंवाद स्थापित करने और लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ पहुँचाने में कार्यकर्ता सरकार और समाज के बीच मजबूत सेतु बनें.

### कार्यकर्ता समयबद्धता और समन्वय बनाए रखें



प्रदेश प्रभारी ने आगामी कार्ययोजना में संगठन विस्तार, नए कार्यकर्ताओं का सम्मिलन, युवा एवं महिला सहभागिता बढ़ाने, तथा सोशल और डिजिटल माध्यमों के प्रभावी उपयोग पर जोर दिया. उन्होंने कहा कि 'हर घर भाजपा' के लक्ष्य को साकार करने के लिए कार्यकर्ता अनुशासन, समयबद्धता और समन्वय बनाए रखें. मुरैना में आयोजित बैठकों में संभाग प्रभारी अभय यादव, सांसद शिवमंगल सिंह तोमर, जिला अध्यक्ष कमलेश कुशवाह, पूर्व विधायक कमलेश जाटव उपस्थित थे.

## भिण्ड नगरपालिका अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव की तैयारी

**भिण्ड.** नगर पालिका में अध्यक्ष के खिलाफ असंतोष अब खुलकर सामने आने लगा है. नववर्ष मिलन और दाल-टिक्कड़ पार्टी की आड़ में पार्षदों की एक गुप्त बैठक आयोजित कर अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने को लेकर सहमति बनाई गई. यह बैठक शनिवार रात वार्ड क्रमांक 4 स्थित एक निजी मैरिज गार्डन में हुई. बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष वर्षा वाल्मीकि के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने और वार्डों में लंबे समय से ठप पड़े विकास कार्यों को लेकर रणनीति पर चर्चा की गई. हालांकि भिण्ड विधायक नरेंद्र कुशवाह की अनुपस्थिति के कारण कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया जा सका, लेकिन बैठक के बाद नगर की राजनीति में हलचल तेज हो गई है.

**आयोजन** | नारायण मूर्ति ने कहा- समाज में स्थायी परिवर्तन व्यक्ति के आत्म-अनुशासन और मूल्यों से ही संभव है

# विश्व के प्रथम 'सुख शक्ति धाम' का हुआ लोकार्पण

**रतलाम, 04 जनवरी. रतलाम नगर के लिए आज का दिन ऐतिहासिक बन गया जब पद्म विभूषण नारायण मूर्ति ने विश्व के प्रथम 'सुख शक्ति धाम' का भव्य लोकार्पण किया.**



यह केंद्र आत्म-निरीक्षण, मन की शांति और नैतिक जीवन मूल्यों को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से स्थापित किया गया है. कार्यक्रम की अध्यक्षता इसके प्रेरक और शिल्पकार डॉ. वल्लभ भंसाली (मुंबई) ने की. विशिष्ट अतिथि इनाम सेक्युरिटीज के अध्यक्ष नेमीश शाह, इप्का समूह के प्रेमचंद गोधा और कैबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप उपस्थित रहे. नारायण मूर्ति ने कहा कि समाज में स्थायी परिवर्तन बाहरी व्यवस्था से नहीं, बल्कि व्यक्ति के आत्म-अनुशासन और मूल्यों से आता है.

उन्होंने सुख शक्ति धाम को आत्म-जागरण का केंद्र बताते हुए कहा कि यह लोगों को भीतर की स्पष्टता, नैतिकता और सामाजिक उत्तरदायित्व की ओर प्रेरित करेगा. कैबिनेट मंत्री काश्यप ने कहा कि सुख शक्ति धाम रतलाम के परिवर्तन की धरा है और युवा इसमें भागीदार बनेंगे. डॉ. भंसाली ने रतलाम को इस अवधारणा को साकार करने के लिए चुना और इसका महत्व समझाया.

कार्यक्रम में वर्चुअल रूप से टोरेंट समूह के सुधीर मेहता और फोर्स मोटर्स के अभय फिरोदिया ने शुभकामनाएं दीं. क्यूरेटर कात्यायनी अग्रवाल और युवा आर्किटेक्ट आदिल ढोलकिया का भी सम्मान किया गया. संयोजक मंडल के सदस्यों ने अतिथियों का स्वागत किया, और कार्यक्रम का समापन मुकेश जैन द्वारा आभार प्रदर्शन के साथ हुआ.

# पेज एक का शेष

## भागीरथपुरा में 20 नए मरीज मिले

प्रत्येक घर में 10 पैकेट ओआरएस, 30 जिंक गोलियां और पानी शुद्ध करने के लिए क्लीन वॉटर किट वितरित की गई. साथ ही नागरिकों को इनके सही उपयोग की जानकारी दी गई. क्षेत्र में 17 स्वास्थ्य दल तैनात किए गए हैं, जिनमें कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर, आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, एएनएम, सुपरवाइजर, जन अभियान परिषद और एनजीओ के सदस्य शामिल हैं. ये दल घर-घर जाकर दूषित पानी से होने वाली बीमारियों के दुष्परिणामों को लेकर लोगों को जागरूक कर रहे हैं.

## शिव ही सत्य और सनातन है : सीएम डॉ. यादव

उनके द्वारा प्रसारित, सांस लेने की लयबद्ध सुदर्शन क्रिया की तकनीक ने कई लोगों के जीवन से तनाव, चिंता और अवसाद जैसे जटिल विकारों का निदान किया है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रूद्र पूजन में भगवान भोलेनाथ से प्रदेशवासियों को सुख, शांति और समृद्धि प्रदान करने की कामना की. कार्यक्रम में खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कृष्णा गौर, विधायक भगवान दास सबनानी, भोपाल उत्सव मेला के मनमोहन अग्रवाल, सामाजिक कार्यकर्ता माखन सिंह और राहुल कोठारी विशेष रूप से उपस्थित थे.

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशुतोष उपाध्याय द्वारा 6/54, फिरोज गांधी प्रेस काम्प्लेक्स, इंदौर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , फिरोज गांधी प्रेस कॉम्प्लेक्स इंदौर से मुद्रित. समूह संपादक क्रांति चतुर्वेदी*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन/फैक्स- 4096718 RNI Reg. No.7590/60